TDC Even Semester Exam., 2019

HINDI

(Pass)

(6th Semester)

Course No. : HINP–601

[Adhunik Kavita (Chayavad Tak)]

Full Marks : 50
Pass Marks : 17

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

(क) बैर फूट ही सों भयो सब भारत को नास।
तबहुँ न छाँड़त चाहि सब बँधे मोह के फाँस॥
छोड़हु स्वारथ बात सब उठहु एक चित होय।
मिलहु कमर कसि भ्रातगन पावहु सुख दुख खोय॥

(ख) अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर—नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर—मंगल कुंकुम सारा।

(ग) जहाँ के निर्झर नीरव गान
सुना करते अमरत्व प्रदान;
सुनाता नभ अनन्त झंकार
बजा देता उर के सब तार;
भरा जिसमें असीम सा प्यार,
कौन पहुँचा देगा उस पार?

2. अपनी पाठ्य-पुस्तक में संकलित भारतेन्दु हरिश्चंद्र की कविता के आधार पर उनके प्रमुख सरोकार को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त की 'यशोधरा' विषयक चिन्ताओं पर प्रकाश डालिए।

3. 'जागो फिर एक बार' कविता में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना की विवेचना कीजिए। 10

अथवा

जयशंकर प्रसाद की काव्यभाषा पर विचार कीजिए।

4. प्रमाणित कीजिए कि सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं। 10

अथवा

महादेवी वर्मा की कविता में अभिव्यक्त प्रेमानुभूति की विवेचना कीजिए।

5. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×2=10

(क) मैथिलीशरण गुप्त की काव्यभाषा

(ख) 'भिक्षुक' कविता का मूल स्वर

(ग) 'ले चल मुझे भुलावा देकर' कविता का प्रतिपाद्य

(घ) महादेवी वर्मा की कविता में रहस्य

★ ★ ★